राफेल के पुर्जे बनाने वाली फ्रांस की कंपनी ने नोएडा में खोला कार्यालय

सिद्धार्थनाथ सिंह ने किया कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन

लखनऊ। योगी सरकार की निवेश नीतियों का असर अब दिखने लगा है। मिराज, राफेल, सबमरीन व युद्धपोत के उपकरणों बनाने वाली फ्रांस की थालेस कंपनी ने दिल्ली में स्थापित अपने कॉरपोरेट ऑफिस को नोएडा शिफ्ट कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश और निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सोमवार को इस कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यालय लगभग 1.5 लाख वर्ग फिट में निर्मित 6 मंजिला इमारत में बनाया गया है। इसमें करीब 1,100 कर्मी कार्यरत हैं।

गौरतलब है कि थालेस प्रदेश में आयोजित डिफेंस एक्सपो में शामिल हुई थी। इस दौरान राज्य सरकार ने राफेल के पुर्जे समेत अन्य रक्षा उपकरणों का निर्माण उत्तर प्रदेश में करने का अनुरोध किया था। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि थालेस से यहां से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को बल मिलेगा। कंपनी से राफेल व मिराज जैसे एयरक्राफ्ट, सबमरीन और युद्धपोत के उपकरणों का यूपी में करने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने बताया कि थालेस कानपुर की एमकेयू कंपनी के साथ मिलकर एयरफोर्स के लिए नाइट विजन डिवाइस भी बनाएगी। साथ ही थालेस डिजिटल आइडेंटिटी और सिक्यूरिटी बिजनेस के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में वृहद इंजीनियरिंग सेंटर के रूप में काम करेगी। यह कंपनी देश में एचएएल, भेल व एलएंडटी के साथ टेक्नालॉजी के क्षेत्र में काम कर रही है। वर्चुअल कार्यक्रम में भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुअल लेनिन, थालेस ग्रुप के भारत, अफ्रीका और मध्य एशिया के प्रतिनिधि जीन मार्क बुदिन भी जुड़े थे। ब्यूरो